## सच्ची घटनाऐं

दिनांक 01–08–2014 को वन मिलियन सोल परियोजना अंतर्गत मेरे द्वारा निवाली विकासखण्ड के भ्रमण हेतु प्रस्थान किया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम में मुझे ग्राम निवाली, एक्कलबारा एवं सिलावद के सोल वितरको से संपर्क कर सोल वितरण की राशि एकत्रित कर संस्था में जमा करवाना था। दोपहर 2.00 बजे मैं निवाली से पलसुद के लिये निकला उस समय मेरे पास बेग में 29000/– एवं मेरे पर्स में 950/– रूपये थे। निवाली से मैं 4–5 किलोमीटर आगे आया था कि सामने से आ रही बाईकर्स ने मुझे रोकने हेतु संकेत दिया। मैंने यह सोचकर बाईक नहीं रोकी क्योंकि रोकने का संकेत देने वाला अंजान व्यक्ति था। परन्तु उनके द्वारा बार–बार बाईक रोकने हेतु संकेत किया गया। अंततः मैने बाईक रोकी। उनके द्वारा मुझसे संपूर्ण जानकारी ली गई जैसे कौन हो, कहां जा रहे हो, क्या करते हो, कहां  से आ रहे हो आदि। मेरे द्वारा समस्त उत्तर देने के पश्चात् उनके द्वारा कहा गया कि आपके पास अभी जितने भी रूपये है, वो हमे सौप दो। मैने कहा गया कि मेरे पास कुछ भी नही है। वे मेरी उत्तर से संतुष्ट नही थे। अंततः उन्होने मेरा बेग मुझसे छिन लिया एवं बेग की तलाशी लेने लगे। भाग्यवश मैने 29000/– बेग के आंतरिक जेब में रखे हुऐ होने से वे उन रूपयो को नही देख पाये और बेग मुझे वापस दे दिया। फिर उन्होने मुझसे मेरा  पॉकेट लिया और पॉकेट में रखे 950/– उन्होने रख लिये। इसके बाद मुझे धमकी स्वरूप कहा गया कि इस घटना के संबंध में किसी से उल्लेख किया तो तुम्हारे लिये अच्छा नहीं।

लोकेश पाटीदार<br>
परियोजना निदेशक<br>
आशाग्राम ट्रस्ट बड़वानी<br>
संपर्क 9893684848

---

मैं मोहनसिंग सस्ते पाटी विकासखण्ड के हरला क्लस्टर में सौल वितरक के रूप में पदस्थ हूँ।  मै दिनांक 11–08–2014 को गत सप्ताह में वितरीत सोल के दस्तावेज एवं वितरण राशि लेकर बड़वानी आ रहा था। पाटी और बड़वानी के बीच बावनगजा घाट में तीन–चार अंजान व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति के साथ लूटमार की घटना कर रहे थे, जिसे देखकर मैने भी अपनी बाईक गति तेज कर ली, परन्तु गति तेज होने से संतुलन बिगड़ने के कारण मैं मेरी बाइक सहित गिर गया, उसी समय सामने से कुछ अन्य व्यक्ति भी आ गये जिससे लुटेरे भाग गये।  इस घटना मे मेरी शर्ट की जेब में रखे लगभग 1500/– रूपये घटना स्थल पर ही गिर गये, शेष राशि मेरे बेग में रखे होने के कारण मेरे द्वारा सुरक्षित संस्था जमा करवा दिये गये।

मोहनसिंग सस्ते<br>
संकुल हरला<br>
विकासखण्ड पाटी